प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 26.10.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल को आधुनिक काल में राष्ट्र की महान विभुतियों में से एक बताते हुए उनकी 150वीं जयंती को उल्लास के साथ मनाने का आह्वान किया हैं आकाशवाणी से आज प्रसारित मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने देश की एकता और अखण्डता के लिए सरदार पटेल के अद्वितीय प्रयासों को याद करते हुए सभी से 31 अक्टूबर को एकता की दौड़ **रन फोर युनिटी** में शामिल होने की अपील की हैं

.................................................................................

प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को त्योहारों की बधाई देते हुए छठ पर्व को संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच एकता का प्रतिबिंब बतायां उन्होंने त्योहारों के मौके पर देशवासियों के नाम लिखे पत्र का उल्लेख करते हुए जीएसटी बचत उत्सव और स्वदेशी उत्पादों की खरीद को मिले अपार जनसमर्थन का उल्लेख कियां श्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम की पिछली कडियों में उनके द्वारा की गई अपील के सकारात्मक परिणामों को देशवासियों से साझा कियां प्रधानमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में जिन विषयों की चर्चा की जाती है उनसे लोगों को समाज के लिए कुछ अच्छा और इनोवेटिव करने की प्रेरणा मिलती हैं श्री मोदी ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम के मूल भाव और इससे मिलने वाली ऊर्जा का उल्लेख करते हुए कहा कि वंदे मातरम, मां भारती से प्रेरित और अमूर्त भावना को साकार स्वर देने वाला गीत हैं

श्री मोदी ने इसके रचियता बंकिमचंद्र चटर्जी को याद करते हुए आगामी 7 नवम्बर को राष्ट्र गीत के डेढ सौ वे वर्ष में प्रवेश करने को यादगार बनाने के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों और कार्यक्रमों की जानकारी दीं उन्होंने आमजन से भी अपने सुझावों को **रुवंदे मातरम150** पर साझा करने की अपील कीं

.................................................................................

श्री मोदी ने संस्कृत को देश में अध्ययन और शोध की भाषा बताते हुए बदलते दौर में इसकी प्रतिष्ठा के लिए कई जागरूक युवाओं द्वारा किये जा रहे कार्यो का उल्लेख किया और आमजन से संस्कृत भाषा को नई प्राणवायु देने की अपील कीं श्री मोदी ने कोरापुट सहित देश के विभिन्न अंचलों में प्रसिद्व कॉफी, भारतीय नस्ल के श्वानों के कौशल तथा साहस और देश के कुछ उत्साही व्यक्तियों द्वारा देश के विभिन्न राज्यों में प्रकृति संरक्षण पर किये जा रहे कार्यो की जानकारी देते हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान को आगे बढाने की अपील कीं

प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को लेकर प्रदेशभर में भी उत्साह देखा गयां भारतीय जनता पार्टी की ओर से विभिन्न जिलों में इसके सामुहिक प्रसारण की व्यवस्था की गई, जहां केबिनेट मंत्रियों, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सजीव उद्बोधन सुनां बहरोड़ में केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रसारण सुनां

.................................................................................

बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए मतदाता जागरूकता अभियान जोर पकडने लगा हैं निर्वाचन विभाग ने अधिक से अधिक मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित करने के वास्ते प्रचार प्रसार के साथ सेल्फी बूथ स्थापित की हैं निर्वाचन अधिकारी रोहिताश्व सिंह तोमर के निर्देशन में चलाये जा रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत जिलेभर में लगातार जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं सार्वजनिक स्थानों पर प्रेरणादायक स्लोगन लिखवाये गये हैं वहीं चुनाव के शुभंकर 'मतू' के कटआउट भी लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं

.................................................................................

सूर्य अराधना के महापर्व छठ के दूसरे दिन आज श्रद्धालु निर्जला उपवास रख अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देंगें इसे खरना के नाम से जाना जाता हैं इससे पहले चार दिवसीय छठ पूजा कल नहाय–खाय के साथ शुरू हुई थीं